तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, गुरुवार, 17 अक्टूबर 2024

13 कलेक्टर ने जिले के अंतिम छोर में बसे गांवों का किया निरीक्षण



14 जल संचयन से जनभागीदारी उन्हारी कार्यक्रम की शुरूआत ...





## खबर संक्षेप

### मेघा में आज छाया चंद्राकार का कार्यक्रम



**मगरलोड।** शरद पूर्णिमा पर ग्राम मेघा में नवदुर्गा उत्सव समिति बस स्टैंड के तत्वावधान में आज रात्रि छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कला मंच छाया चंद्राकर कृत विजय चंद्राकर लोक छाया गीत संगीत की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी डा. भूपेंद्र साहू ने दी।

### लड़ेर में डे-नाइट कबड्डी स्पर्धा 18 को

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में नव युवा कबड्डी दल एवं ग्रामवासियों के सहयोग से एक दिवसीय डे-नाइट कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 18 अक्टूबर शुक्रवार को किया गया है। प्रथम पुरस्कार 8001 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5001 रुपए, तृतीय पुरस्कार 3001 रुपए एवं चतुर्थ पुरस्कार 2001 रुपए रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क 251 रुपए है। प्रतियोगिता की तैयारी में गोलू निषाद, ढालचंद, विश्वनाथ निषाद, योगेंद्र जुटे हुए हैं।

### मेघा में जनसमस्या निवारण शिविर 23 को

**धमतरी।** मगरलोड विकासखण्ड के ग्राम मेघा में 23 अक्टूबर को जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में यह शिविर 30 अक्टूबर को आयोजित था, किन्तु कलेक्टर नम्रता गांधी द्वारा दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए शिविर की तिथि में आंशिक संशोधन किया गया है। अब यह शिविर 23 अक्टूबर को आयोजित होगा।

### प्रभारी मंत्री आज मगरलोड आयेंगे



**मगरलोड।** राजस्व, युवा कल्याण, आपदा प्रबंधन एवं प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा का मगरलोड आगमन आज 17 अक्टूबर को हो रहा है। वे सबसे पहले करेली छोटी में वंदे मातरम परिवार एवं ग्रामवासियों के सहयोग से शीतला मंदिर के पास दोपहर 12 बजे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की मूर्ति का अनावरण करेंगे। 1 बजे भाजपा मंडल मगरलोड द्वारा मगरलोड मुख्य चौक पर उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। 3 बजे संगम साहित्य मगरलोड के वार्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह जानकारी भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु ने दी।

---

### मतदाता सूची को लेकर दावा-आपत्ति के लिए हर वार्ड में प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त

# निगम, पंचायत चुनाव की प्रक्रिया हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की प्रक्रिया तेज हो गई है। मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन के बाद दावा-आपत्ति लेना शुरू कर दिया गया है। निगम के हर वार्ड में प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है जो लोगों से दावा आपत्ति लेंगे।

त्रिस्तरीय पंचायत और नगरीय निकायों के आम निर्वाचन 2024-25 के तहत प्रारंभिक प्रकाशन के संबंध में कलेक्टोरेट में बुधवार को प्रेसवार्ता रखी गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रीति दुर्गम ने प्रेसवार्ता लेकर प्रारंभिक प्रकाशन हेतु चिन्हांकित विविध स्थानों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नगरीय निकायों के आम निर्वाचन हेतु निर्वाचक नामावली मुद्रित होकर आ गई है। सभी राष्ट्रीय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों को इसकी एक-एक प्रति प्रदान की गई है। बुधवार से ही नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्डों के लिए एक-एक प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इन अधिकारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। सभी रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को दावा- आपत्ति से संबंधित प्रपत्र दिया गया है। ये अधिकारी संबंधित वार्ड के मतदान केन्द्रों में प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक दावा आपत्ति लेंगे।



#### दिसंबर, जनवरी में चुनाव संभावित

13 नवंबर तक नाम काटने, जोड़ने और संशोधनों की प्रविष्टि साफ्टवेयर में की जायेगी। 16 नवंबर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी निर्वाचक नामावली की चेक लिस्ट तैयार कर जांच करेंगे एवं पीडीएफ छपवाने जिला कार्यालय में प्रस्तुत करेंगे। 22 नवंबर को निर्वाचक नामावली का अन्तिम प्रकाशन होगा। इसके करीब एक सप्ताह बाद चुनाव की तिथि की घोषणा की जाएगी।

#### मतदान केंद्रों में ली जायेगी दावा-आपत्ति

बताया गया है कि नगरपालिक निगम धमतरी, नगर पंचायत आमदी, कुरूद, नगरी, मगरलोड, भखारा के सभी मतदान केन्द्रों में दावा- आपत्ति ली जायेगी। 23 अक्टूबर दोपहर 3 बजे के बाद दावा- आपत्ति प्राप्त करना बंद कर दिया जाएगा। दावा -आपत्ति का निराकरण 29 अक्टूबर तक किया जाएगा। आवेदक प्रारूप क-1 में अपना दावा आवेदन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी को 4 नवम्बर 2024 (जो इसकी अंतिम तिथि है) तक प्रस्तुत कर सकता है। इसका निराकरण 14 नवम्बर तक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जायेगा। कोई व्यक्ति दावा- आपत्ति के निराकरण आदेश के विरुद्ध अपर कलेक्टर के पास अपील कर सकता है। अपील निराकरण के 5 दिवस के भीतर किया जा सकता है।

---

# जमीन विवाद : भतीजे ने चाचा को उतारा मौत के घाट



■ आरोपी ने थाने में किया आत्मसमर्पण, पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

नगर पंचायत भखारा भठेली में हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया है। वार्ड क्रमांक 11 में जमीन विवाद पर भतीजा ने अपने चाचा को मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गई है। हत्या की सूचना पाकर भखारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



आरोपी

इस संबंध में थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि मृतक बिहारी लाल ढ़ीढ़ी उम्र 74 वर्ष और उनके भतीजे शीत कुमार ढ़ीढ़ी उम्र 41 वर्ष ग्राम भठेली के बीच जमीन को लेकर 20 वर्षों से विवाद चल रहा था। बुधवार की सुबह इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया। तैश में आकर आरोपी शीत कुमार ने अपने चाचा के सिर पर लोहे के पट्टे से वार कर दिया। इससे बिहारीलाल की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस की मौजूदगी में आरोपी शीतकुमार ढ़ीढ़ी ने थाने में आत्मसमर्पण कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

---

### बेलरगांव, नगरी में सालभर का कोटा पूरा, धमतरी, कुकरेल, कुरूद बारिश में पिछड़ा

# वर्षा काल का समय समाप्त, कहीं अधिक तो कहीं कम बारिश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मानसून वापसी के साथ 15 अक्टूबर से वर्षा का सीजन का समय समाप्त हो गया है। जिले में 1 जून से 15 अक्टूबर के बीच 1043.5 मिमी बारिश हुई है जो सामान्य औसत वर्षा का 92.5 प्रतिशत है। इस साल वनांचल की दो तहसील में सामान्य से अधिक तथा 5 तहसीलों में कम बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार वनांचल की तहसील बेलरगांव तथा नगरी में बारिश के साल भर का कोटा पूरा हो गया है। बेलरगांव तहसील की सामान्य वार्षिक औसत वर्षा 1295.7 मिमी है। बेलरगांव में वर्षा सीजन में ही 1338.5 मिमी बारिश हो गई है। 15 अक्टूबर तक औसत वर्षा के मुकाबले 115.5 फीसदी बारिश हो गई है। नगरी तहसील की वार्षिक सामान्य वर्षा 1298.8 मिमी है। वर्षा काल में यहां 1293.5 मिमी बारिश का रिकार्ड दर्ज किया गया है। सालाना औसत वर्षा में 5.3 मिमी पीछे है लेकिन आज तक की औसत वर्षा के मुकाबले 108.9 फीसदी बारिश हुई है।



#### मगरलोड तथा भखारा में 25 फीसदी कम बारिश

जिले की मगरलोड तथा भखारा तहसील इस साल बारिश में काफी पिछड़ गई है। मगरलोड की सामान्य औसत बारिश 1372.6 मिमी है। वर्षा सीजन में 1056.3 मिमी बारिश हो जानी थी लेकिन 794.1 मिमी बारिश हो पाई है। आज तक की औसत वर्षा के मुकाबले 75.2 फीसदी बारिश हो सकी है। मगरलोड में सालाना कोटा पूरा करने के लिए 8 माह में 578 मिमी बारिश की आवश्यकता होगी। सन 20023 में सबसे अधिक बारिश का जिले में रिकार्ड रखने वाली भखारा तहसील में इस साल 24 फीसदी कम बारिश हुई है। भखारा की सालाना औसत वर्षा 1382.2 मिमी है। वर्षा सीजन में यहां 822.4 मिमी बारिश हुई है। यह आज तक के औसत वर्षा के मुकाबले 255 मिमी कम बारिश हुई है। जबकि सालाना औसत वर्षा के लिए 8 माह में 560 मिमी बारिश की आवश्यकता है। कुरूद तहसील में 911.8 मिमी बारिश के साथ आज तक के औसत वर्षा के मुकाबले 15.4 प्रतिशत, धमतरी तहसील में 1021.3 मिमी बारिश के साथ आज तक की औसत वर्षा के मुकाबले 10 फीसदी तथा कुकरेल तहसील में 1122.8 मिमी बारिश के साथ आज तक की औसत वर्षा के मुकाबले 6.6 मिमी का बारिश रिकार्ड दर्ज किया गया है।

---


# धान की फसल लगाई तो देना होगा 50 हजार जुर्माना

■ जल संकट से बचने सौराबांधा के किसानों ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद विकासखंड अंतर्गत भखारा तहसील के ग्राम सौराबांधा में किसानों ने जल संकट को देखते हुए व जिला प्रशासन की अपील धान की जगह दलहन-तिलहन फसल लेने के निर्देशों पर अमल करते हुए इस बार गांव में सामूहिक बैठक कर धान की फसल नहीं लगाने का फैसला किया है। अगर कोई ग्रामीण नियमों का उल्लंघन करता है तो उसे 50 हजार रुपये का जुर्माना देना पड़ेगा।

मंगलवार को सौराबांधा के ग्रामीणों ने एकराय होकर ग्रामीण बैठक में सर्वसम्मति से नियम पारित किया है कि पिछली बार गर्मी बढ़ने के साथ ही गांव में जल संकट की समस्या उत्तपन हो रही थी। यह भविष्य के लिए ठीक संकेत नहीं है। निस्तारी के लिए तो शासन गंगरेल से बाद में पानी देता है लेकिन पेयजल समस्या का निपटारा करना कठिन कार्य हो जाता है। इससे बचना है। ग्रामीणों ने रबी सीजन में धान की अपेक्षा दलहन तिलहन चना, सरसो, तिल, उड़द, मूंग, गेहूं की फसल लेने का निर्णय लिया है। दलहन तिलहन फसल में मात्र 10 प्रतिशत पानी का उपयोग होता है।



#### गांवों में आयोजित हो रही कार्यशाला

ग्रामीण अध्यक्ष शोभाऊराम साहू ने बताया कि जल संरक्षण करने शासन-प्रशासन लगातार अभियान चला रहा है। गांवों में दो तीन बार कार्यशाला भी लग चुकी है। जिसमें किसानों ने इस बार दलहन-तिलहन की फसल लेने इच्छा दिखाई है। गर्मी बढ़ने पर गांवों में जलस्तर बहुत नीचे चला जाता है। इससे पेयजल की भी समस्या उतपन्न हो जाती है जिसके कारण ग्रामीण बैठक में सर्वसम्मति से इस बार धान की जगह दलहन-तिलहन लगाने और नियम का उल्लंघन करने पर 50 हजार जुर्माना लगाने का नियम पारित किया गया है। इस पर किसानों ने सहमति जताई है।

#### दूसरे को धान बोने पानी देने पर भी लगेगा जुर्माना

गांव के किसान जीवराखन साहू, गौराम, जोहितराम, भेषज, दयाराम साहू, श्यामलाल मेश्राम, मदन कोर्राम, दशरथ, भुवन, एकवीर सिंह, तामेश्वर साहू ने बताया कि इस बार रे गांव के सभी किसानों ने धान नहीं बोने की सहमति जताई है। उसकी जगह चना, गेहूं, तिल, सरसो, मूंग उड़द आदि लगाएंगे। अगर कोई नियम का उल्लंघन कर धान लगाता है तो उसे 50 हजार का जुर्माना देना पड़ेगा। इसके साथ ही खुद धान न लगाकर किसी दूसरे गांव के किसानों को पानी देता है तो उसे 10 हजार का जुर्माना देना पड़ेगा। जल संकट को गांव की बड़ी समस्या बनने से रोकने साल में सिर्फ एक बार ही धान की खेती करने का निर्णय लिया गया है। ऐसे करने से हम साल भर में तीन फसल भी ले सकते हैं।

---

# आबकारी अमले ने जब्त की 57 लीटर महुआ शराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के निर्देश पर आबकारी अमला द्वारा जिले में अवैध शराब के विरूद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में भखारा के ग्राम कोपेडीही में कार्रवाई करते हुए कुल 57.5 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। 1800 किलोग्राम लाहन को नष्ट किया गया। जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि अज्ञात आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गयी।

इस अवसर पर आबकारी उपनिरीक्षक पुरुषोत्तम सिन्हा, आबकारी मुख्य आरक्षक निशांत साधु, राजेश यादव सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# भालू के हमले से सेवानिवृत्त शिक्षक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

■ पांडरवाही की घटना

खेत देखने गए सेवानिवृत्त शिक्षक पर एक जंगली भालू ने हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल का शहर के अस्पताल में उपचार जारी है।

नगरी-सिहावा क्षेत्र में वन्य प्राणियों के हमले की घटना सामने आती रहती है। वनांचल में तेन्दुए के आतंक से ग्रामीण दहशत में हैं। वहीं हाथियों की मौजूदगी भी ग्रामीणों को भयभीत कर रही है। इसी तरह भालू के हमले की घटनाएं भी होती रहती हैं। सिहावा थाना क्षेत्र के ग्राम पांडरवाही निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह कुंजाम सोमवार को अपने खेत को देखने गया था। इसी दौरान झुरमुट से निकलकर एक भालू ने वृद्ध पर हमला कर दिया। भालू ने वृद्ध के सिर, पैर व चेहरे को नोच लिया। घायल को उपचार के लिए नगरी अस्पताल लाया गया था। घायल की गंभीर चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे धमतरी रिफर कर दिया गया।





---

# पटाखा दुकानों को सजाने का बजट साढ़े 14 लाख



मिशन ग्राउंड में लगेंगी 122 पटाखा दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मिशन ग्राउंड में कुल 122 पटाखा दुकानें सजेंगी। पहली दुकान शुभम कुमार को अलाट हुई है। सभी दुकानदारों की उपस्थिति में लॉटरी सिस्टम से दुकानों का आवंटन किया गया। जिनके नाम से लॉटरी निकलती गई, उन्हें मिठाई खिलाकर पर्ची दी गई।

दिवाली को लेकर व्यवसायी पूरी तरह से तैयार हैं। खासकर सिजनेबल पटाखा व्यवसायी अभी से दुकानों को सजाने की तैयारी में जुट गए हैं। बुधवार को मिशन खेल मैदान में ही दुकानों का आवंटन किया गया। इस प्रक्रिया में कुल 122 व्यवसायियों ने हिस्सा लिया। आवंटन की प्रक्रिया लॉटरी निकालकर की गई। पहली लॉटरी शुभम कुमार के नाम पर निकली। इसके बाद बारी- बारी से सभी व्यवसायियों के नाम से लॉटरी निकाली गई। जल्द ही पटाखा दुकानों के लिए पंडाल सजाया जाएगा। जानकारी के अनुसार प्रत्येक दुकानदार से 12 हजार रुपए का शुल्क लिया गया है। इसमें बिजली, पंडाल सहित अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। इस हिसाब से पटाखा दुकानों से कुल 14 लाख 64 हजार रुपए लिए गए हैं।

---

### बड़ी संख्या में किसान चना, गेहूं लगाने की तैयारी में

# बीज की व्यवस्था करने में छूट रहा पसीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

इस बार किसानों को चना, गेहूं सहित अन्य प्रकार की उन्हारी फसल लगाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इन किसानों के लिए चना, गेहूं सहित अन्य उन्हारी फसल की बीज व्यवस्था करने में कृषि विभाग का पसीना छूट रहा है। विभागीय स्तर और बीज निगम के सहयोग से चना जैसी फसल के लिए बीज की व्यवस्था की जा रही है।

खेतों की बिगड़ती सेहत को देखते हुए इस साल फसल चक्र परिवर्तन पर जोर दिया जा रहा है। कलेक्टर नम्रता गांधी ने भी पानी सहेजने के महाभियान के तहत गांव- गांव जागरूकता अभियान चलाकर उन्हारी फसल को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। गांवों में कृषि विभाग द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। किसानों की बैठक लेकर उन्हें समझाइश दी गई। अभी भी अभियान जारी है। इस अभियान से बड़ी संख्या में किसान प्रेरित हुए हैं और अब चना जैसी फसल लेने की तैयारी कर रहे हैं। किसानों की इस तैयारी में सबसे बड़ी समस्या बीज की है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को कम दाम में बीज उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन इतनी बड़ी मात्रा में बीज की व्यवस्था करना कृषि विभाग के लिए भी किसी चुनौती से कम नहीं है। कृषि वभाग द्वारा बीज निगम से बड़ी मात्रा में बीज मंगाया गया है। विभागीय योजनाओं के तहत बीज की व्यवस्था की जा रही है। अब तक विभाग में बीज नहीं आया है। उधर फसल कटाई होने के बाद किसान बीज की डिमांड करना शुरू कर चुके हैं।



#### गांवों से ले रहे डिमांड

बीज की स्थिति क्लियर करने के लिए कृषि विभाग द्वारा किसानों से डिमांड मंगाई जा रही है। गांव- गांव शिविर लगाकर किसानों से पूछा जा रहा है कि उन्हें कौन से बीज की जरूरत है। इस हिसाब से पर्ची भी दी जा रही है। अधिकांश किसानों ने चना बीज की डिमांड की है। उधर गांव में किसानों की बैठक भी आयोजित की जा रही है, जिसमें निर्णय लिया जा रहा है कि गांव में उन्हारी फसल लगाई जाएगी या धान की फसल।

#### बाजार से कम दाम पर बीज

बीज ग्राम योजना सहित कई योजनाओं के तहत किसानों को कृषि विभाग द्वारा काफी सस्ते में बीज उपलब्ध कराया जा रहा है। यही कारण है कि किसान विभागीय योजनाओं के तहत बीज लेने की कोशिश में है। जानकारी के अनुसार चना बीज निगम ने चना के लिए 8665-9085 रूपए प्रति क्विंटल दाम निर्धारित किया है। कुछ योजनाओं के तहत कृषि विभाग इसी बीज को 5500 रूपए प्रति क्विंटल में किसानों को दे रहा है। उधर बाजार में भी चना की कीमत 6500 रुपए से 7000 रुपए प्रति क्विंटल है।

#### इसलिए आ रही समस्या

जिले में अब तक दोनों फसल धान की ली जाती थी। कई बार उन्हारी फसल के लिए अभियान चलाया गया। समझाइश पर किसान उन्हारी फसल तो लेते हैं, लेकिन एक साल बाद फिर से धान की फसल लेना शुरू कर देते हैं। जिले में उन्हारी फसल में मुख्यतः चना लगाया जाता है। विडंबना यह है कि लगातार धान की खेती होने के कारण जिले में चना बीज की उपलब्धता काफी कम है। यही कारण है कि इस साल बीज की समस्या खड़ी हो रही है। जानकारी के अनुसार धमतरी ब्लाक में ही कृषि विभाग द्वारा करीब 6 हजार क्विंटल बीज व्यवस्था करने का लक्ष्य रखा गया है, लेकिन यह लक्ष्य काफी कम साबित होगा, क्योंकि किसान इससे कहीं अधिक रकबे में चना लगाने की तैयारी कर रहे हैं।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### इकतीसा जाप महोत्सव का समापन आज



**नगरी।** जय दादा गुरुदेव के इकतीसा जाप महोत्सव का समापन आज होगा। जैन युवा मंच के दीपक डागा, नवीन पारख, मिश्री तातेड़, मनीष बोहरा ने बताया कि दादा गुरुदेव का महापूजन दोपहर 2.36 बजे से होगा। लाभार्थी अशोक चंद, अमित कुमार चोपड़ा परिवार होगा। भव्य बरघोड़ा शाम 4 बजे निकाला जायेगा। कलश की बोली लेने वाले लाभार्थी सुरेशचंद्र, महेंद्र, ऋषभ संचेती परिवार होंगे। भक्ति संध्या रात्रि 7.30 बजे से शुरू होगी। गुरू भक्ति लाभार्थी भूपेश, प्रशांत, अमन हर्षित चोपड़ा परिवार होंगे। बेलर महाआरती रात्रि 12.36 होगी। भजन संध्या रात्रि 8 बजे से जैन मंदिर परिसर नगरी में होगी। महापूजन के दौरान 1 चांदी की घड़ी एवं 4 चांदी के सिक्के व भजन संध्या के बीच 3 सोने की अंगूठी एवं 11 चांदी के सिक्के का ड्रा निकाला जायेगा।

### भोलाराम की कहानी 'बड़े दाई' का प्रसारण आज



**मगरलोड।** युवा कहानीकार व शिक्षक भोलाराम सिन्हा की कहानी 'बड़े दाई' का प्रसारण बच्चों के प्रसिद्ध कार्यक्रम बाल वाटिका में 18 अक्टूबर को सुबह 10 बजे आकाशवाणी रायपुर से होगा। श्री सिन्हा ने बताया कि इस कहानी में बड़े दाई मालती को यह सीख देती है कि अपने घर में जो भी खाने के लिए मिले उसी में संतुष्ट रहना चाहिए। दूसरे घर के खीर-तसमई से अपने घर की रुखी-सूखी रोटी मूल्यवान होती है। श्री सिन्हा की रचनाएं निरंतर प्रतिष्ठित पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित होती रहती है। इस उपलब्धि पर रुपेश शर्मा, होरीलाल साहू, नरेंद्र सिन्हा, अशोक पटेल, शैलेन्द्र साहू, रवि गोस्वामी, चन्द्रहास सिन्हा, संतोष सिन्हा, भानुप्रताप साहू, अशोक पटेल, कोमल साहू, सियाराम साहू, सुभाष साहू, डां. शिवनारायण साहू, विरेन्द्र सरल, आत्माराम साहू, चिन्ताराम सिन्हा पुजारी, लालेश्वर सिन्हा, भोपालमणि साहू समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

गुप्त व यौन रोग कमजोरी
स्त्री पुरूष गुप्त रोग नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन, शुक्राणु की कमी, पेशाब में धातु जाना, पेशाब में जलन होना, शुगर से आई हुई सेक्स में कमी व विशेष इलाज चर्म रोग, वात रोग, बवासीर संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल ई-स्टोर के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336

### अधिकांश विभागों के समक्ष आवेदन की स्थिति रही निरंक

# सिर्री में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगा



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

ग्राम सिर्री के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में जिलास्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगा। शिविर में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम धमतरी, बीआर वर्मा जनपद सीईओ कुरूद, ज्योति सिंह नायब तहसीलदार कुरूद सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित हुए। शिविर में कुल 34 विभागों के अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही। सबसे अधिक लोग स्वास्थ्य विभाग का लाभ लेने पहुंचे। जहां पर डॉ. यूएल कौशिक मुख्य चिकित्सा अधिकारी धमतरी एवं डा. यूएस नवरत्न खंड चिकित्सा अधिकारी कुरूद ने अपनी विभागीय टीम के



साथ स्वास्थ्य लाभ लेने पहुंचे लगभग 70 लाभार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी। मजे की बात यह रही कि ग्रामीण क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होने के बाद भी शिविर में अधिकांशतः विभागों की स्थिति निरंक बताई गई। यहां पर एक भी व्यक्ति ने कोई समस्या या मांग नहीं रखी। खेल युवा कल्याण विभाग, जिला कौशल विकास प्राधिकरण विभाग, उद्यानिकी विभाग, वन विभाग, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, कृषि विभाग, आदिमजाति कल्याण विभाग, श्रम पंजीयन नवीनीकरण विभाग में आवेदन प्रमुख रूप से निरंक पाया गया। इसके अलावा निःशुल्क आयुर्वेदिक स्वास्थ्य शिविर में चर्म रोग, वात रोग, उदर रोग, श्वांस रोग जैसी समस्या को लेकर 41 लोग पहुंचे तो उन्हें उचित सलाह के साथ दवाइयां उपलब्ध कराई गई। महिला एवं बाल विकास विभाग में महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि संबंधी समस्या को लेकर मात्र 6 ही महिलाएं पहुंची जिनका बैंक में डीबीटी संबंधी समस्या की जानकारी देकर उन्हें समस्या और उनके निवारण से अवगत कराया गया। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत जानकारी लेने केवल 15 लाभार्थी पहुंचे। जिन्हें योजना संबंधी जानकारी दी गई। ग्राम कुल्हाड़ी के ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के समक्ष प्राथमिक शाला भवन बनाने की मांग रखी। विभिन्न गांवों से भी लोग आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड बनाने एवं प्रधानमंत्री आवास की मांग को लेकर पहुंचे।

मौके पर अपर कलेक्टर धमतरी जीआर मरकाम ने मीडिया को बताया कि कलेक्ट्रेट में जनदर्शन लगने एवं ग्रामीण क्षेत्र में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित होने से अधिकांश विभाग में लोगों की समस्याओं की स्थिति निरंक पाई गई। कुछ विभागों के पास लोगों ने अपनी समस्याओं को लेकर आवेदन दिया जिसे विभाग द्वारा निराकरण करने का प्रयास किया गया। इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य लोकेश साहू सहित अन्य ग्रामीणों की उपस्थिति रही। मंच संचालन एवं समापन ग्राम पंचायत सिर्री के सचिव रेखराम साहू ने किया।

# हाईस्कूल भवन निर्माण में अनियमितता





- ग्रामीणों ने ठेकेदार पर गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने का लगाया आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत बगरूमनाला में नवनिर्मित हाईस्कूल भवन के लिए 24 लाख स्वीकृत हुए थे। ग्रामीणों ने ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भवन निर्माण में उनके द्वारा अनियमितता बरती गई है। गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया है। कालम टेढ़े-मेढ़े दिखाई दे रहे हैं। कहीं-कहीं कालम से छड़ भी दिखाई दे रहा है। छत ढलाई के बाद काम रूक गया है। दरवाजा, खिड़की नहीं लगी है। ग्रामीणों का कहना है कि भवन को देखने से तो ऐसा लग रहा है कि बिना इंजीनियर की देखरेख में काम किया गया है। ठेकेदार द्वारा गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किया गया है। बिना मापदंड के भवन निर्माण किया जा रहा है। ऐसे में भवन दो-तीन साल में ही जर्जर हो जाएगा। ऐसा भवन निर्माण करना उचित नहीं है।

ग्रामीणों का कहना है कि उच्च अधिकारी को ऐसे ठेकेदार के विरुद्ध उचित कार्रवाई करनी चाहिए। यहां ठेकेदार और इंजीनियर की लापरवाही दिखाई दे रही है। ग्रामीणों के कहने पर पुनः सामने के छज्जे को तोड़कर निर्माण किया जा रहा है।

इस संबंध में इंजीनियर से दूरभाष से संपर्क करने पर उन्होंने फ़ोन रिसीव नहीं किया। जनपद पंचायत नगरी के आरईएस एसडीओ का कहना है कि जहां-जहां खराब दिखाई दे रहा है, उसे पुन तोड़कर बनाने का निर्देश दिया गया है।

# सभापति रविंद्र के प्रयास से गांवों में होंगे विभिन्न विकास कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद



जनपद पंचायत कुरूद के सभापति रविंद्र साहू ने अपने क्षेत्र क्रमांक 9 के गांवों में विकास कार्यों के लिए जनपद मद से राशि स्वीकृति कराई है। ग्राम पंचायत मोंगरा में शीतलापारा में नाली निर्माण के लिए 3 लाख 20 हजार रूपये, पेयजल व्यवस्था के लिए 1 लाख 80 हजार रुपये, शीतला मंदिर के पास लाइट व्यवस्था के लिए 48 हजार रुपये की स्वीकति दिलाई है। ग्राम पंचायत कोकड़ी (खैरा) के आश्रित ग्राम खैरा में स्कूल परिसर में झूला, फ़सिलपट्टी, खेलकूद सामग्री के लिए 1 लाख रूपये., चिंता गली में नाली निर्माण के लिए 2 लाख रूपये, गौरी गौरा चौक जीर्णोद्धार के लिए 70 हजार रुपये स्वीकृत हुए हैं। इसी क्रम में ग्राम पंचायत कातलबोड़ में सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में मंच निर्माण के लिए 40 हजार रूपये, ग्राम पंचायत सिंधौरी खुर्द में शीतला मंदिर परिसर में साउंड सिस्टम के लिए 25 हजार रूपये, शिव मंदिर परिसर में साउंड सिस्टम के लिए 25 हजार रुपये एवं ग्राम पंचायत बानगर में जैतखाम के जीर्णोद्धार के लिए 40 हजार रुपये की स्वीकति कराई है।

उल्लेखनीय है कि जनपद क्रमांक 9 में सदस्य निर्वाचित होने के बाद से रविंद्र साहू अपने क्षेत्र में काफी सक्रिय जनप्रतिनिधि की भूमिका निभाई है। बीते साढ़े चार सालों में उन्होंने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से सामान्य सभा की बैठक में रखने के साथ ही अपने क्षेत्र की प्रमुख मांगों एवं समस्याओं के निराकरण में लाखों की राशि स्वीकति कराई है। उनके इस कार्य के लिए क्षेत्र के सरपंचगण आमनी नागेश साहू, टिकेश साहू, सुनीता, त्रिवेणी साहू, निर्मला साहू के अलावा ग्रामीण कामराय साहू, सोहन साहू, भारत साहू, कमलेश साहू, दिवाकर सेन, रति विश्वकर्मा, चंद्रशेखर साहू, नंद साहू, भुवन साहू, देवसिंग दीवान ने सभापति श्री साहू का आभार माना है।

# कलेक्टर ने किया शिक्षक जितेन्द्र का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

शासकीय प्राथमिक शाला कुण्डेल में पदस्थ शिक्षक जितेंद्र पाल को शैक्षणिक गतिविधियों में नवाचार के लिए कलेक्टर नम्रता गांधी ने सम्मानित किया।

ज्ञात हो कि जितेन्द्र पाल बच्चों के शैक्षिक स्तर के विकास के लिए भरसक प्रयास कर रहे हैं। नवाचार रचनात्मक लेखन कौशल विकास अंतर्गत कक्षा स्तर अनुसार साप्ताहिक टॉपिक विशेष दिन तीज त्यौहार पर बच्चों से रचनात्मक लेख लिखवाया जाता है और फ़ाइल में इकठ्ठा कर स्माल बुक बनाई जाती है जिसका उपयोग मुस्कान पुस्तकालय में किया जाता है। इस नवाचार को विनोबा एप्प में अपलोड कर जिला स्तर पर स्थान




मिला। इसके लिएकलेक्टर नम्रता गांधी ने सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर एसएमसी समिति अध्यक्ष गुहलेद साहू, रामकुमार यादव, रूपराम, पवन सेन, राजेंद्र साहू, संकुल प्राचार्य श्रीमती खिलेश्वरी बनपेला, व्याख्याता दिनेश साहू, ममता साहू, होमेंद्र साहू, संकुल समन्वयक जागेश्वर निषाद, कुंजराम, भूपेश साहू, प्रधानपाठक नारदराम, अन्नपूर्णा साहू संतोषी साहू, नारायण अडिल, दशरथलाल सोनवानी, यशवंत साहू, राजेश्वरी घृतलहरे, रविशंकर पटेल, याकिौशल्या निषाद, रामेश्वरी साहू, दुलारी साहू, भुनेश्वर साहू, लक्ष्मी सिन्हा, दीपक साहू ने हर्ष व्यक्त किया है।

# अनजान व्यक्ति से बैंकिंग विवरण साझा न करें

- मेचका पुलिस ने हाईस्कूल तुमड़ीबहार के छात्रों को दी साइबर अपराध की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

सुदुर वनांचल के हाईस्कूल तुमड़ीबहार में मेचका पुलिस द्वारा साइबर जागरूकता अभियान चलाया गया। हाईस्कूल के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणें को साइबर सुरक्षा, नशा मुक्ति के संबंध में जागरूक किया गया। थाना प्रभारी ने छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकगणों को साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न तरीकों को सरल भाषा में समझाया। बताया कि अनजान कॉल्स पर अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे ओटीपी या बैंकिंग विवरण साझा करने से बचना चाहिए।





उन्होंने छात्र छात्राओं से अपील की कि वे धमतरी पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जन जागरूकता पखवाड़ा और साइबर जागरूकता अभियान से जुड़ें और मैसेज को विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से जागरूकता संदेश को अधिक से अधिक शेयर करें, ताकि समाज के हर व्यक्ति तक साइबर सुरक्षका संदेश पहुंच सके।

थाना प्रभारी ने ऑनलाइन खरीदारी करते समय सावधानी बरतने की भी सलाह दी। साइबर अपराधों से बचने का सशक्त उपाय साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी एवं जागरूकता ही है। जागरूक नागरिक को कभी भी साइबर अपराधियों के जाल में नहीं फंसा पायेगा। कार्यक्रम के दौरान साइबर जागरूकता पाम्पलेट्स का वितरण किया गया। सभी छात्र-छात्राओं ने साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने और दूसरों को भी जागरूक करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में थाना प्रभारी मेचका सउनि राधेश्याम बंजारे, प्रआर नकुल नेताम, आरक्षक दिनेश रात्रे, भोजलाल प्रजापति, शिक्षक ताकेश्वर, अमृतलाल बारला, माहेश्वरी साहू सहित स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# महिला खेलकूद में रामपुर स्कूल की छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बगदेही(धमतरी)

विकासखण्ड स्तरीय महिला खेलकूद का आयोजन अटलबिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में हुआ। स्पर्धा में धमतरी जिले के कुरूद ब्लॉक के सभी स्कूल के बच्चों ने हिस्सा लिया। खो- खो, वॉलीबाल, बैडमिंटन, रस्साकसी, एकल खेल में एथलेटिक्स, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग खेल का आयोजन किया गया। खेलकूद में शास. उच्च. माध्य. विद्यालय रामपुर की कुल 20 बालिकाओं डलेश, नोमिका, खुशी,




रूपेश, सानिया, गणिका, छाया समेत अन्य ने हिस्सा लिया इन बालिकाओं ने संस्था प्रमुख प्राचार्य आरके बघेल, लोकेश्वरी सोन, व्यायाम शिक्षक गुलशन साहू के नेतृत्व में खेलकूद में प्रतिभा दिखाई। इस उपलब्धि पर आरके टंडन, केके वर्मा, एचके साहू, बीके निषाद, जेके साहू, डीके साहू, डीके साहू, जीके साहू, एस अग्रवाल, पी. शर्मा, एस. साहू, जे. ध्रुव, एल. सोन, एम. ठाकुर ने हर्ष व्यक्त किया है।

## प्राकृतिक आपदा पर आर्थिक सहायता स्वीकृत

**धमतरी।** कलेक्टर नम्रता गांधी ने प्राकृतिक आपदा से जिले के 7 मृतकों के परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। कुरूद तहसील के ग्राम भरदा निवासी श्रीमती तीजबाई की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पुत्र बिसरूराम को आर.बी.सी.6-4 के तहत चार लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। ग्राम बगौद के थनेश साहू की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता लोकसिंह साहू, भखारा के ग्राम कुर्रा निवासी भीखम कंवर की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती समारिनबाई को, मगरलोड के करेली बड़ी निवासी श्रीझाडूराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी श्रीमती धनेश्वरी साहू को आर.बी.सी. 6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। मराठापारा धमतरी के यश मालु की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता मदनलाल मालु, टिकरापारा धमतरी के उदय लहुरिया की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके पिता प्रकाशकिशोर लहुरिया और ग्राम उड़ेना की श्रीमती मीना ध्रुव की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके पति रेखराम ध्रुव को आर.बी.सी.6-4 के तहत 4-4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।





# कंडेल में मातारानी को दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

ग्राम कंडेल में विराजीं मां आदिशक्ति जगदम्बे भवानी की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान भक्तों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। जस सेवा गीत के माध्यम से मां दुर्गा को विदाई दी गई। आदर्श दुर्गा उत्सव समिति श्रीवास्तव चौक द्वारा नवरात्रि पर मां दुर्गा की प्रतिमा विराजित की गई थी। पुरानी परम्परा के अनुसार मातारानी की विदाई की गई।



### सर्वसुविधा युक्त भवन होने से पढ़ाई में नहीं आयेगी बाधा : अंबिका

# कोहिनपारा स्कूल में अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम कोहिनपारा गट्टासिल्ली में प्राथमिक शाला भवन के लिए अतिरिक्त कक्ष भवन का लोकार्पण क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन की आवश्यकता होती है। इसे पूरा करने के लिए हम तत्पर हैं। सर्वसुविधा युक्त भवन होने से पढ़ाई के क्षेत्र में प्रगति होगी। अतिरिक्त भवन के निर्माण होने से किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेम सिंह सलाम सरपंच ग्राम पंचायत कोहिनपारा ने की। विशेष अतिथि राम प्रसाद मरकाम संरक्षण गोंडवाना समाज तहसील नगरी, भानेन्द्र ठाकुर उपाध्यक्ष जिला कांग्रेस धमतरी,




कीर्ति मरकाम जनपद सदस्य नगरी, ठाकुर शिवसिंह परिहार, कमेश मिश्रा, बिरजूराम कुंजाम, रामभरोस मरकाम, लखनराम मरकाम, प्रेम सिंह नेताम, जसवंत वट्टी सुना राम सलाम, देवकुमार मरकाम, फगनी बाई थे। मौके पर शिक्षक शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं व ग्रामीण उपस्थित थे।

Pride of Dhamtari
गितिका ऑटो डील
आटो पार्टस एवं सर्विसिंग सेंटर
बाजार चौक मेन रोड सिरसिदा
हमारे यहां सभी प्रकार के चारपहिया एवं दोपहिया गाड़ियों की खरीदी-बिक्री, रिपेयरिंग, सर्विसिंग एवं नाम ट्रांसफर का काम किया जाता है
प्रो.टोमन साहू 97530-65484, 62682-66559
त्यौहारी ऑफर
नवरात्रि से दीपावली पर्व तक दोपहिया वाहन में एक वर्ष का इंश्योरेंस फ्री एवं चारपहिया वाहन खरीदी पर चांदी का सिक्का फ्री
विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

श्री ।। पितृ कृपा ।।
बालाजी मार्बल
रायपुर रोड, सत्योम हीरो के बाजू, धमतरी
77728-98771, 77729-33254
ग्रेनाइट . मार्बल . टाईल्स . कोटा स्टोन . तुलसी चौरा . मार्बल मंदिर... आदि रायपुर रेट में उपलब्ध



## अंचल की खबरें

### सिवनीकला में मां दुर्गा का हुआ विसर्जन



**सिर्री।** ग्राम सिवनीकला में ज्योत जंवारा व दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया गया। इससे पहले गांव की कन्याओं की पूजा करते हुए नौकन्या भोज कराया। गांव में माता की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गई। चौक- चौराहों में विराजित प्रतिमाओं का विसर्जन किया। झांकी आकर्षण का केंद्र रही। पारंपरिक सेवा गीत के साथ देवी की पूजा-अर्चना की गई। इस विधिवत को संपन्न कराने में ग्रामीणों का सहयोग रहा।

### मोखा में दशहरा व नवाखाई पर्व मनाया गया






**धमतरी।** ग्राम मोखा (मड़ईभाठा) में बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा पर्व मनाया गया। गांव में दो दिनों तक रामलीला का मंचन हुआ। भगवान श्रीराम द्वारा बुराई रूपी रावण का वध करने के बाद बनाये गये रावण का पुतला दहन किया गया। जंवारा के साथ सोनपत्ती का वितरण किया गया। दशहरा के दिन शनिवार को ग्राम मोखा में आदिवासी समाज के लोगों ने ईष्टदेव बूढ़ादेव को याद कर नवाखाई पर्व मनाया। समाज के विष्णु ध्रुव, मन्नू ध्रुव, संजय सोरी, रामकृष्ण, मनोज सोरी, समारू, धनीराम, रैनसिंग ने बताया कि गांव के आदिवासी समाजजन दशमी तिथि को नवाखाई का पर्व मनाते हैं। परिवार से दूर रहने वाले भी इस दिन अपने गांव घर आते हैं। इस दिन समाज के लोग अपने घर की साफ-सफाई करते हैं। थाल में साजा पत्ता, खीर, नई फसल की बाली चढ़ाकर ग्राम में स्थित ईष्ट देव बुढ़ादेव मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। इसके बाद घरों के ईष्टदेव में भी साजा पत्ता में खीर व नई फसल की बाली चढ़ाकर पूजा- अर्चना कर परिवार की सुख-शांति की कामना की।

### गायत्री परिवार ने किया 24 साधकों का सम्मान



**धमतरी।** ग्राम मुजगहन के धुनादास मंदिर प्रांगण स्थित गायत्री प्रज्ञा पीठ में पांच कुण्डीय गायत्री महायज्ञ द्वारा क्वांर नवरात्रि पर्व की पूर्णाहुति दी गई। जिला समन्वयक दिलीप नाग ने बताया कि गायत्री परिवार द्वारा नवरात्रि पर्व पर 24 हजार गायत्री मंत्र जाप करने वाले 24 साधकों को श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया। इसी क्रम में ग्राम मुजगहन के सबसे वरिष्ठ वृद्धजनों, समाज सेवियों एवं महिला मण्डल का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम साहू ने किया। कार्यक्रम में प्रज्ञा पीठ मुजगहन के संरक्षक धन्वंतरि नाग, अध्यक्ष भागवत सिन्हा, श्रीमती धनेश्वरी साहू जनपद सदस्य, लालाराम साहू, पुनवा राम साहू, ईश्वर सेन, अंगेश साहू, राधिका साहू, सविता साहू, टेमेश्वरी साहू, हीरेश सिन्हा, प्रदीप देवांगन, मोहन गंजीर, नमिता देवांगन, मुकेश साहू, शंकर सिन्हा, चित्ररेखा साहू सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### शांति लोककला मंच ने किया रामलीला का आयोजन






**धमतरी।** शांति लोककला मंच एवं कालिका मंदिर समिति द्वारा दशहरा पर संगीतमय रामलीला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अतिथि समाजसेवी नन्दलाल जसवानी ने कहा कि दशहरा पर्व पर असत्य पर सत्य की जीत, बुराई पर अच्छाई, पाप पर पुण्य की विजय, अत्याचार पर सदाचार की विजय, क्रोध पर दया, क्षमा की विजय, अज्ञान पर ज्ञान की विजय का यह संदेश मिलता है। यह अपने अंदर की बुराई, ईर्ष्या, द्वेष, अंतरकलह, घमंड, अहंकार को त्यागकर आदर्श जीवन जीने का मार्ग दिखाता है। मंच की अध्यक्षता कर रहे संरक्षक प्रभुराम पटेल ने कहा कि प्रभु श्रीराम ने रावण का वध करते समय रावण के अहंकार का भी मर्दन किया था। इसी प्रकार हमें भी अपने अहंकार रूपी रावण का मर्दन कर प्रभु राम के आदर्शों को आत्मसात करना चाहिये। शांति लोक कला मंच के अध्यक्ष दिलीप पटेल, सचिव अधिवक्ता गजानंद मीनपाल ने बताया कि 1996 से समिति द्वारा रामलीला का मंचन किया जा रहा है। नवरात्रि में भक्तों द्वारा 43 ज्योति प्रज्ज्वलित की गई।

स्कूल, आंगनबाड़ी सहित पीएम आवास योजना के कार्यों का किया अवलोकन

# कलेक्टर ने जिले के अंतिम छोर में बसे गांवों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर नम्रता गांधी और सीईओ जिला पंचायत रोमा श्रीवास्तव ने जिले के अंतिम छोर में बसे गांवों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मारागांव, बोईरगांव, सिंगपुर और मोहेरा में स्कूल, आंगनबाड़ी सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कार्यों का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से चर्चा की और इन निर्माण कार्यों को तत्काल शुरू करने कहा। ग्राम देव कुड़िया में स्वीकृत 40 आवासों को जल्द से जल्द पूरा करने कहा। कलेक्टर ने ग्राम पंचायत के सचिव को विशेष रूचि लेते हुए अप्रारम्भ निर्माण कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्कूल सिंगपुर के निरीक्षण के दौरान स्कूल में संधारित पंजी, विद्यार्थियों की उपस्थिति के बारे में जानकारी ली।





कलेक्टर ने मारागांव के बड़ेपारा, सिंगपुर और देव कुड़िया में आंगनबाड़ियों का निरीक्षण किया। इन गांवों में नए आंगनबाड़ी भवन स्वीकृत हुए हैं। इसके मद्देनजर कलेक्टर सुश्री गांधी ने पुराने भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके साथ ही उन्होंने आंगनबाड़ी में पहुंचे नन्हे-मुन्ने बच्चों से बातचीत की और प्रसन्नता व्यक्त की। जिले के अंतिम छोर पर बसे ग्राम मारागांव से नगरी 27 किलोमीटर मार्ग में पुलिया टूटा हुआ है। कलेक्टर ने उक्त पुलिया का अवलोकन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अधिकारी को उक्त पुलिया का मुआयना कर प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए। इसके बाद कलेक्टर मगरलोड के स्वामी आत्मानंद स्कूल भैंसमुंडी में आयोजित बैठक में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने 29 हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के प्राचार्य, व्याख्याता, एसएमडीसी अध्यक्ष, सदस्य और सरपंच की उपस्थिति में मिशन अव्वल के तहत हर महीने होने वाले परीक्षा परिणाम की समीक्षा की। कलेक्टर ने स्कूल के परीक्षा परिणामों में जो कमी रह गई है, उसे दूर करने के लिए रणनीति बनाकर अगली बार बेहतर परिणाम हेतु और अधिक प्रयास करने कहा।

### गर्ल्स कालेज में लगा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**धमतरी।** महाविद्यालय परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में रक्तचाप, रक्त शर्करा, बॉडी मास इंडेक्स और सामान्य स्वास्थ्य जांच की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ डीआर चौधरी ने कहा कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। हमारे छात्र और स्टाफ स्वस्थ रहेंगे, तभी वे अपने लक्ष्यों को हासिल कर सकेंगे। शिविर हमारे महाविद्यालय की स्वास्थ्य-प्रेरक पहल का हिस्सा है। शिविर का आयोजन जिला चिकित्सालय की मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से किया गया। खेल अधिकारी ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य छात्रों और स्टाफ में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना और एक स्वस्थ माहौल का निर्माण करना है।

# शहर में 123 विकास कार्यों के लिए मिली 6 करोड़ की स्वीकृति

- मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री एवं प्रदेश महामंत्री का नेता प्रतिपक्ष एवं भाजपा पार्षदों ने आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



प्रदेश सरकार ने धमतरी शहर के विकास कार्यों के लिए 6 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है, जिसे शहर के आधारभूत ढांचे और सार्वजनिक सुविधाओं में सुधार के लिए खर्च किए जाएंगे। यह स्वीकृति 2024-25 के वित्तीय वर्ष के अंतर्गत दी गई है। नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने बताया कि इसमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, प्रदेश महामंत्री रामू रोहरा की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही। उनके नेतृत्व में शहरी प्रशासन विभाग ने इस योजना को मूर्त रूप दिया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री व शहरी प्रशासन मंत्री ने 21 अगस्त 2024 को इस निधि की स्वीकृति दी थी। इसके बाद 14 अक्टूबर को इस राशि को अंतिम मंजूरी दी गई। इस स्वीकृति को हासिल करने में नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा, विजय मोटवानी ने भी अथक प्रयास किया। इनकी उनकी सक्रियता से ही इस निधि को मंजूरी मिल पाई है। विजय मोटवानी का कहना है कि वे आगे भी धमतरी के विकास के लिए कार्यरत रहेंगे। नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष नरेंद्र रोहरा ने इस राशि के सदुपयोग और शहर में विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा दिए गए इस फंड का उपयोग पूरी पारदर्शिता और कुशलता के साथ किया जाएगा। आयुक्त ने कहा कि इन विकास कार्यों से न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि लोगों के जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। बीजेपी पार्षदों ने कहा कि इस निधि से शहर के आधारभूत ढांचे को सुधारने के साथ-साथ यातायात और स्वच्छता व्यवस्था में भी सुधार होगा। पुरानी और जर्जर हो चुकी सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। धमतरी शहर के विकास के लिए 6 करोड़ रुपये 123 कार्यों की स्वीकृति निश्चित रूप से एक बड़ा कदम है, जो शहर को और अधिक उन्नत और सुविधा-संपन्न बनाने में सहायक होगा। राज्य सरकार और स्थानीय नेतृत्व के प्रयास से धमतरी के नागरिकों को जल्द ही इन विकास कार्यों का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। राशि स्वीकृत होने पर भाजपा पार्षदों ने शासन का आभार व्यक्त किया है।

# सुधार के नाम पर सिर्फ बिछा दी गिट्टी, हो रही दुर्घटना



- रत्नाबांधा से आमदी तक सड़क चौड़ीकरण के लिए युवाओं ने उठाई आवाज
- जनदर्शन में सीएम, डिप्टी सीएम, प्रभारी मंत्री के नाम दिया मांग पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

शहर के रत्नाबांधा से लेकर आमदी तक जर्जर सड़क के सुधार और चौड़ीकरण की मांग को लेकर आमदी के युवाओं ने कलेक्टर जनदर्शन में सीएम विष्णुदेव साय, डिप्टी सीएम अरुण साव और प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा के नाम पत्र दिया है।

डोमेश्वर साहू, धर्मेंद्र पटेल, अंकुरपुरी गोस्वामी, डमेश मरकाम, राम कुम्भकार, पारसमणि साहू, विक्रम साहू, हितेश गंगवीर ने बताया कि रत्नाबांधा से आमदी तक सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है। आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। प्रशासन ने बरसात के पश्चात इस सड़क को दुरूस्त करने का आश्वासन दिया था। लेकिन अभी तक सुधार नहीं हुआ है। इस मार्ग से रत्नाबांधा, लोहरसी, मुजगहन, खरतुली, परसतराई, पोटियाडीह, नगर पंचायत आमदी के अलावा दुर्ग, भिलाई, राजनांदगांव आना जाना होता है।

मार्ग पर सुधार के नाम पर सिर्फ गिट्टी बिछा दी गई है जिससे दुर्घटना हो रही है। धूल बढ़ने के कारण आंख और श्वसन संबंधित बीमारी भी बढ़ रही है। आवेदकों ने 7 दिन के भीतर सड़क मार्ग को पूर्णतः दुरूस्त करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। मांग करने वालों में शीतल साहू, खिलेश कुम्भकार, विजय साहू, चुरामन सेन, भोला देवांगन, ओंकार, देवन साहू, प्रकाश साहू, यशवंत ध्रुव, विकास साहू, सोहिल साहू, उमेश साहू, देवनारायण साहू, सीताराम शामिल हैं।

# छग शिक्षक संघर्ष मोर्चा ने सौंपा कलेक्टर-डीईओ को ज्ञापन

24 को होगा जिलास्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन एवं जंगी रैली



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ शिक्षक संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर पूर्व सेवा गणना मिशन अभियान अन्तर्गत प्रथम चरण में राजधानी में सत्याग्रह पदयात्रा के पश्चात दूसरे चरण में 14 अक्टूबर को शिक्षकों के लिए मोदी की गारंटी को लागू करने, एलबी संवर्ग के शिक्षकों के मूल मांग पूर्व सेवा गणना कर प्रथम नियुक्ति तिथि से सही वेतन का निर्धारण कर सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमोन्नति वेतनमान का निर्धारण करने, पूर्व सेवा अवधि की गणना करते हुए समस्त शिक्षक एलबी संवर्ग के पुरानी पेंशन निर्धारित करने समेत अनेक मांगों को लेकर जिला संचालक डॉ. भूषण लाल चंद्राकार, दौलत राम ध्रुव, दिनेश पांडेय, प्रदेश उपसंचालक देवनाथ साहू के नेतृत्व में कलेक्टर व डीईओ के माध्यम से मुख्यमंत्री सहित विभागीय अधिकारियों के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिलाधीश के प्रतिनिधि के रूप में अपर कलेक्टर जीआर मरकाम को ज्ञापन दिया गया।

जिला शिक्षा अधिकारी टीआर जगदल्ले को भी मोर्चा पदाधिकारियों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। मोर्चा पदाधिकारियों ने बताया कि अगले चरण में 24 अक्टूबर को जिले भर के शिक्षक एलबी संवर्ग जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर जंगी रैली निकालेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद थे।

# रतन टाटा सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- मेनोनाईट स्कूल परिवार ने दी श्रद्धांजलि

मेनोनाईट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी ने दिग्गज उद्योगपति स्व. रतन टाटा को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके महान व्यक्तित्व को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। सभी ने रतन टाटा के राष्ट्र निर्माण, उत्कृष्टता, नैतिकता, औद्योगिक क्रान्ति और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना जैसे उनके कई अतुलनीय योगदान को याद किया गया। प्राचार्या श्रीमती एचके खालसा, प्रबंधन समिति के चेयरमैन एमके मसीह ने कहा कि स्व. रतन टाटा सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे। उनका जीवन हमेशा राष्ट्र हित, राष्ट्र निर्माण व्यापार और उद्योग से सर्वोपरि रहा। मौके पर स्कूल स्टाफ मौजूद थे।

## पचनाहवन आज



ग्राम बेलैदी निवासी
**श्री कलाराम साहू**
का स्वर्गवास दिनांक 13.10.2024 रविवार को हो गया है। जिसका पचनाहवन सम्पूर्ण कार्यक्रम आज 17 अक्टूबर 2024 दिन गुरुवार को गृहग्राम बेलौदी (कुण्डेल) में सम्पन्न होगी। अत: उक्त कार्यक्रम में आप सम्मिलित होकर मृतात्मा की शांति हेतु प्रार्थना करें।

स्व. श्री कलाराम साहू
जन्म : 25/02/1934
स्वर्गवास : 13/10/2024

तालाब कार्यक्रम दोपहर 12 बजे संपन्न होगी

विनीत
धन्नुराम साहू (पुत्र)
रामबाई साहू (पत्नी)
टुकेश्वरी साहू (पुत्रवधु)
ग्राम बेलौदी, विखं मगरलोड

जिन स्नेहीजनों को शोक पत्र न मिला हो इसे ही आमंत्रण समझें।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### नर्मदेश्वर महादेव की प्राण-प्रतिष्ठा 21 को

**धमतरी।** ग्राम पंचायत कोर्रा के बाजार चौक में सरपंच चोवाराम के सहयोग से 21 अक्टूबर को कैलाश मान सरोवर श्री नर्मदेश्वर महादेव की प्राण- प्रतिष्ठा की जायेगी। भगवताचार्य कल्पना पाण्डेय द्वारा प्राण प्रतिष्ठा व पूजा संपन्न कराई जायेगी ।

### टेटे में रचित का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**धमतरी।** राष्ट्र स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता में 11वीं (विज्ञान संकाय) के छात्र रचित पचौरी पिता नवनीत पचौरी 19 वर्ष ने बालक समूह में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। प्रतियोगिता लद्दाख में हुई। इस प्रतियोगिता में सभी राज्यों के छात्रों ने अपने-अपने राज्य का प्रतिनिधित्व किया। रचित पचौरी के इस बेहतरीन प्रदर्शन से पूरा शाला परिवार एवं प्रबंधन समिति गौरवान्वित है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार



**कुरुद।** कुरुद पुलिस ने अवैध शराब बेचने की सूचना पर रेड की कार्रवाई करते हुए मंदरौद आनंद राइस मिल के सामने बंद काम्प्लेक्स में आरोपी कुलेश्वर बघेल पिता करण बघेल उम्र 19 वर्ष ग्राम मंदरौद के कब्जे से एक सफेद रंग के पानी पाउच की प्लास्टिक बोरी के अंदर 24 पौवा देशी मशाला शराब कीमत 2640 रूपये एवं बिक्री रकम 490 रूपये रूपये जब्त की। आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।सम्पूर्ण कार्रवाई में थाना कुरूद के सउनि कमिलचंद सोरी, आरक्षक गहेश्वर साहू, संतोष यादव का विशेष योगदान रहा।

### शहीद जवान को पूर्व विधायक ने दी श्रद्धांजलि

**धमतरी।** जवरगांव के शहीद जवान को पूर्व विधायक रंजना साहू ने श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रीमती साहू ने कहा कि बिरसा सीआरपीएफ में पदस्थ जिले के ग्राम जवरगांव निवासी टकेश्वर निषाद का नक्सल क्षेत्र में सर्चिंग के दौरान सड़क हादसे में बलिदान होने की खबर मिली। यह अत्यंत ही पीड़ादायक है। मातृभूमि की सेवा में शहीद जवान को ईश्वर अपने श्री चरणों में स्थान दें। यह क्षण बेहद भावनात्मक है। पूरे क्षेत्र की संवेदनाएं दुखी परिवार से जुड़ी हुई हैं। इस दुख के समय में पूरे परिवार को हुई अपूरणीय क्षति को सहने की हिम्मत प्रदान करें।

हम सब निजी स्वार्थ को छोड़कर जनहित और पानी संचय के लिए कार्य करें : चंद्राकर

# जल संचयन से जनभागीदारी उन्हारी कार्यक्रम की शुरूआत कुरूद से

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद







कोई भी कार्य या बदलाव अथवा आयोजन बिना जनभागीदारी के पूरा नहीं हो सकता। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए अब समय आ गया है कि हम अपने स्वार्थ को छोड़कर जनहित और पानी संचय के लिए कार्य करें। उक्त बातें पूर्व मंत्री व कुरुद विधायक अजय चंद्राकर ने जल संचयन से जनभागीदारी के तहत कृषि उपज मंडी कुरूद में आयोजित उन्हारी कार्यक्रम में किसानों को संबोधित करते हुए कही।

बुधवार की दोपहर कुरुद के नई मंडी प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि आज पूरा विश्व पानी की समस्या को लेकर चिंतित हैं। पानी के बिना जीवन की परिकल्पना करना मुश्किल है। जिले में जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनेक कार्य किए जा रहे हैं। इन्हीं में से एक है फसल चक्र परिवर्तन। इसके तहत ग्रीष्मकालीन फसल में धान के बदले दलहन और कम पानी मांग वाली फसलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्राम परसतराई की तर्ज पर सभी किसानों को जागरूक होकर दलहन-तिलहन, नकदी फसलों की ओर रूख कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

इस अवसर पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने लोगों को दलहन, तिलहन और नगदी फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया। मार्कफेड के माध्यम से भारत सरकार के समर्थन मूल्य की तर्ज पर दलहन, तिलहन फसल खरीदने की प्रक्रिया शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि ज्यादा से ज्यादा किसान इसका फायदा उठाएंगे। उन्होंने दलहन, तिलहन और नकदी फसलों के बीमा की प्रक्रिया करने की भी बात कही।

कार्यक्रम को रविकर साहेब, कृषि कर्मण्य पुरस्कार से सम्मानित प्रगतिशील किसान भोलाराम साहू सहित अन्य प्रगतिशील किसानों ने संबोधित कर दलहन, तिलहन और नगदी फसलों से होने वाले फायदों को साझा किया और रासायनिक कीटनाशक के दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए जैविक पद्धति से खेती करने की बात कही। दलहन, तिलहन, सब्जी की खेती के अलावा मिलेट्स उत्पादन पर भी जोर दिया। उन्होंने राजस्थान के कृषि वैज्ञानिक सुभाष पालेकर की खेती की विधि का प्रशिक्षण जिले के किसानों को देने की बात कही।

### कुरुद हमेशा नई पहल को स्वीकारते हुए आगे बढ़ा है : रूपकुमारी

सांसद महासमुंद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि भूजल स्तर में लगातार गिरावट चिंता का विषय है। धमतरी जिला धान उत्पादन में अग्रणी है लेकिन आपको पता है कि धान उत्पादन में अधिक मात्रा में पानी की आवश्कता होती है। आज की वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए आने वाली भयावह स्थिति का अनुमान लगाया जा सकता है, जिसके लिए पानी संचय करने की हम सभी को आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने मिलेट्स को बढ़ावा देने, धान के बदले अन्य फसलों को अपनाने की बात कही है, ताकि अच्छी आय अर्जित हो सके। कुरूद हमेशा नई पहल को स्वीकारते हुए आगे बढ़ा है इसलिए इसमें भी अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने राष्ट्रीय बागवानी कार्यक्रम के तहत धमतरी जिले को जोड़ने की बात कही।

### दलहन-तिलहन के लिए किसान करा रहे पंजीयन

प्रभारी उप संचालक कृषि मनोज सागर बताया कि जिले में जल संरक्षण के लिए फसल चक्र परिवर्तन अपनाने सतत प्रयास किये जा रहे हैं, जिसका असर अब ग्रामीण अंचल के किसानों में दिखायी देने लगा है, जो स्वप्रेरित होकर दलहन-तिलहन फसलों के लिए बीज निगम में अपना पंजीयन करवा रहे हैं। जिले के लगभग 200 किसान ने पंजीयन हेतु अपना आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसका रकबा लगभग 350 एकड़ है। बीते वर्षों में जहां दलहन तिलहन का रकबा 14 हजार हेक्टेयर था, जो अब बढ़कर 25 हजार हेक्टेयर हो गया है। जिले के ग्राम परसतराई के किसानों को देखकर अब अन्य गांवों के किसान फसल चक्र परितर्वन को अपनाने आगे आ रहे हैं।

# श्रद्धालुओं ने दीपदान कर मनाई शरद पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शरद पूर्णिमा पर अंचल में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रद्धालुओं ने दीपदान कर सुख समृद्धि की कामना की। हटकेशर स्थित नागदेव मंदिर में इस दिन विशेष पूजा और महाआरती की गई। खीर का भोग लगाया गया।

तंदरूस्ती और स्नान, दान का पर्व शरद पूर्णिमा अंचल में उत्साह से मनाया गया। मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की गई। विभिन्न संगठनों व समाजों द्वारा इस पर्व को सेलिब्रेट किया गया। खीर का प्रसाद बनाकर रात 12 बजे खुले आसमान के नीचे रखा गया है। इसके बाद प्रसाद स्वरूप इसका वितरण किया गया।

शरद पूर्णिमा पर नागदेव मंदिर में पूजा पाठ, दीपदान किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री नागदेव मंदिर समिति के संरक्षक उगेश बंसोड़, गैंदू राम साहू, अध्यक्ष शांतिलाल देवांगन, उपाध्यक्ष आशाराम साहू, वरिष्ठ सलाहकार खिलावन श्रीवास, महासचिव नारायण देवांगन, सचिव सोमन देवांगन, सहसचिव श्याम देवांगन, खम्मन पटेल, कौशल साहू, श्रीमती शारदा हेमंत साहू, श्रीमती हनेश्वरी साहू, श्रीमती सरिता साहू, श्रीमती केलेश्वरी यादव, श्रीमती लता यादव, श्रीमती दुर्गा देवांगन, श्रीमती बसंती देवांगन, नंदिनी, दक्षा भारती साहू, सौम्या सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### बरसती है मां लक्ष्मी और नारायण की कृपा



पंडित युवराज शर्मा ने बताया कि पूर्णिमा तिथि भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी को समर्पित है। आश्विन माह की पूर्णिमा तिथि को शरद पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस दिन स्नान, दान, दीपदान से सुख-सौभाग्य की प्राप्ति होती है। शुभ कार्यों की रूकावट से छुटकारा मिलता है। माना जाता है कि इस दिन चंद्रमा की किरणों से अमृत की वर्षा होती है, जिसे अमृत काल के नाम से जाना जाता है। इस पर्व की रात को चंद्रमा के प्रकाश में खीर रखी जाती है और अगले दिन इसका सेवन किया जाता है।

## छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने संयुक्त संचालक को सौंपा ज्ञापन

# रायपुर संभाग में भी एलबी संवर्ग की पदोन्नति प्रक्रिया जल्द शुरू करें

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष देवनाथ साहू एवं प्रदेश संयोजक सुधीर प्रधान के नेतृत्व में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण संभाग रायपुर राकेश पांडे को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा। देवनाथ साहू ने बताया कि शिक्षक एलबी संवर्ग की पदोन्नति माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पदों पर प्रदेश के अन्य संभागों में की जा चुकी है किंतु रायपुर संभाग में पदोन्नति की प्रक्रिया न होने से शिक्षक संवर्ग आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हैं। जेडी ने बताया कि मामला कोर्ट में लंबित है। इसके तकनीकी पक्ष के निराकरण हेतु स्थापना प्रभारी के साथ संघ के दो पदाधिकारियों को उच्च न्यायालय जाने की बात कही।

रायपुर संभाग के सभी जिलों में सहायक शिक्षक एलबी संवर्ग का प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के रिक्त पदों पर पदोन्नति की कार्रवाई हेतु जिला शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी करने कहा। नए योग्यता धारी सहायक शिक्षक एलबी जिन्होंने अंग्रेजी साहित्य में स्नातक की डिग्री हासिल की हैं, उन्हें भी वरिष्ठता सूची में शामिल कर पदोन्नति प्रदान करने की बात कही। शिक्षक एलबी संवर्ग को उच्च योग्यता अर्जित करने एवं विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र शीघ्र जारी करनेसमेत अन्य मांगों पर चर्चा की गई। संयुक्त संचालक ने सभी मांगों को गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उसे पूरा करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में डा भूषणलाल चंद्राकर जिलाध्यक्ष धमतरी, ओमप्रकाश सोनकला, गेवाराम नेताम ब्लॉक अध्यक्ष धमतरी, दिनेश कुमार साहू ब्लॉक अध्यक्ष कुरूद, गजेंद्र नायक ब्लॉक अध्यक्ष बसना, वारिश कुमार, सुरेश कुमार प्रधान, अमित भोई, प्रेमचंद साव, कौशल साहू, महेंद्र चौधरी शामिल थे।

# नि:शुल्क दंत प्रत्यारोपण शिविर का ग्रामीणों ने लिया लाभ





हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

कलेक्टर नम्रता गांधी के मार्गदर्शन और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग धमतरी एवं शासकीय दंत महाविद्यालय रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जिले के पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्र में मुख स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन पूर्व में किया गया जिसमें 5 मरीजों का पूर्ण दन्त प्रत्यारोपण एवं 27 मरीजों का आंशिक दन्त प्रत्यारोपण करने मरीजों का चिन्हांकन किया गया। इसी क्रम में सिविल अस्पताल नगरी में 15 अक्टूबर को निःशुल्क दन्त प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य पिछड़ी जनजाति वाले क्षेत्र में दांतों के प्रत्यारोपण के संबंध में जागरूकता फैलाना और लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली दन्त सेवाएं प्रदान करनी है।

शिविर में अनुभवी डेंटल सर्जन और विशेषज्ञों ने इम्प्लांट प्रक्रिया, उनके फायदों और देखभाल के बारे में जानकारी प्रदान की। शिविर में दंत महाविद्यालय रायुपर के डॉ दीपेश गुप्ता एचओडी, डॉ सिद्धार्थ ठाकुर डॉ. महेन्द्र अनंत, डॉ. सोपान सिंह, डॉ. शुभम सेठी, डॉ. शशांक अग्रवाल, डॉ दीपिका साहू, खेमन दीवान डेंटल असिस्टेंट सहित डेंटल कॉलेज के इंटर्न स्टाफ ने सेवा दी। कार्यक्रम के दरम्यान डॉ उत्तम कौशिक सीएमएचओ, डॉ अरुण नेताम बीएमओ, हितेन्द्र कुमार बीपीएम और डॉ श्रीकांत चंद्रकार सलाहकार एनसीडी प्रोग्राम उपस्थित थे।

# बुड़ेनी में तलवार लेकर धमका रहा आरोपी गिरफ्तार



- ग्राम बुड़ेनी की घटना, करेली बड़ी पुलिस ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

ग्राम बुड़ेनी में तलवार लेकर राहगीरों को डरा धमका रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध चौकी करेली बड़ी में धारा 25, 27 ऑर्म्स एक्ट के तहत की वैधानिक कार्रवाई की गई है। 16 अक्टूबर चौकी स्टॉफ पेट्रोलिंग पर ग्राम भेण्डरी की ओर रवाना हुआ था।

इस दौरान पुलिस को ग्राम भेण्डरी चौक के पास मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बुड़ेनी में मोहम्मद समीर नामक व्यक्ति अपने हाथ में लोहे की तलवार लेकर घूम रहा है। आने-जाने वालों को धमका रहा है। सूचना पर तत्काल पुलिस पहुंची और तलवार लहराते युवक को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया। उसने अपना नाम मोहम्मद समीर खान पिता मोहम्मद नाजीर खान उम्र 26 वर्ष साकिन तर्री रोड नवापारा थाना गोबरा नवापारा जिला रायपुर बताया। उसके कब्जे से एक नग लोहे की तलवार जब्त की गई। चौकी करेली बड़ी में आरोपी के विरुद्ध धारा 25,27 ऑर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। इस कार्रवाई में पुलिस चौकी करेलीबड़ी चौकी प्रभारी उनि अजय सिंह, सउनि तुलसीराम मिथलेश, प्रआर हेमंत उईके, आरक्षक यशवंत लहरी, रितेश साहू, मनोहर गायकवाड़ का विशेष योगदान रहा।

# बठेना वार्ड के ठेले-गुमटी पर चला बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



बठेना वार्ड में एक वनकर्मी की हत्या के बाद निगम की बुलडोजर कार्रवाई चर्चा का विषय बना हुआ है। असामाजिक तत्वों की शिकायत होने के बाद निगम की तोड़ूदस्ता टीम ने बठेना वार्ड में अतिक्रमित गुमटी ठेले पर बुलडोजर चलाया। अर्जुनी थाना के पीछे ठेले गुमटी के पास नशाखोरी और असामाजिक तत्वों के जमावड़े की शिकायत के बाद निगम की टीम ने एक्शन लिया है। हालांकि कार्रवाई के दौरान तोड़ूदस्ता को विरोध का सामना करना पड़ा लेकिन 3 से अधिक गुमटी ठेले पर बुलडोजर चलाया गया। ज्ञात हो कि गत दिनों एक वनकर्मी की हत्या कर दी गई थी। वहां मौजूद ठेले में नशाखोरी और असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। निगम में इसकी शिकायत की गई। शिकायत पर निगम ने एक्शन लिया। बुधवार को तोड़ूदस्ता टीम बठेना पहुंची और गुमटी ठेला को हटाने बुलडोजर चलाया। इस दौरान वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम, निगम के सुनील सालुंके, गोविंद पात्रे, बंशी दीप, रामनारायण, महेश्वरी, दीपक खिलाड़ी, अनिल चौबे, निकेतन यादव, योगेश रजक, मनीष साहू, मोबिन खान मौजूद थे।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020

सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से बनने वाले इन कक्षों का हुआ भूमिपूजन

# कन्या स्कूल में 60 लाख से बनेंगे आठ अतिरिक्त कक्ष

- आगे बढ़ने के लिए असाधारण प्रतिभा की है आवश्यकता : अजय

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद



रायपुर की स्वयंसेवी संस्था कैपिटल राउंड टेबल 242 द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक स्कूल कुरुद में 8 नये अतिरिक्त कमरों का निर्माण किया जाएगा जिसका बुधवार को भूमिपूजन किया गया। ये अतिरिक्त कक्ष आधुनिक स्तर के होंगे, जिनमें सभी सुविधायें उपलब्ध रहेंगी।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि आगे बढ़ने के लिए असाधारण प्रतिभा की आवश्यकता होती है, जिस दिन आप असाधारण प्रतिभा पैदा कर लेंगे, आपको किसी रोजगार की आवश्यकता नहीं होगी। यह समय महिला शक्ति का है और यहां बैठी बेटियां किसी से कम नहीं हैं। अब समय आ गया है कि परम्परागत शिक्षा से हटकर हम तकनीकी शिक्षा की ओर अग्रसर होवें। सपनों को पूरा करने के लिए सही प्रयास और उद्देश्य का होना जरूरी है। उन्होंने बच्चों को शासन की योजनाओं की जानकारी देने के निर्देश अधिकारियों को दिये।

इस मौके पर कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी, जिला शिक्षा अधिकारी श्री जगदल्ले, स्वयंसेवी संस्था के पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

### समाज को कोसना आसान लेकिन समाज के लिए सोचना दुर्लभ

श्री चन्द्राकर ने कहा कि स्कूल पुराना और जर्जर हो चुका है। दुर्घटना से बचने के लिए 8 कमरे बन रहे हैं। यह क्लासरूम मापदंडों के अनुरूप बनाया जाएगा। उन्होंने बालिकाओं को पढ़ाई के अलावा अन्य विधाओं में भी पारंगत होने की बात कहते हुए कहा कि समाज और व्यवस्था को कोसना आसान है, किन्तु हम समाज के लिए क्या कर सकते हैं, यह सोचना दुर्लभ गुण है। श्री चन्द्राकर ने कहा कि इस स्कूल को भी बनाने के लिए मैं भरपूर प्रयास करूंगा। उन्होंने इस मौके पर स्कूल निर्माण के लिए 10 लाख रूपये स्वीकृत किया। साथ ही स्कूल निर्माण करने वाली स्वयंसेवी संस्था को भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है संस्था

संस्था के अध्यक्ष प्रतीक बेरिवाल ने बताया कि संस्था प्रमुख रूप से शिक्षा के क्षेत्र में काम करती है। उन्होंने कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी की पहल पर इस स्कूल में 8 अतिरिक्त कक्षों का निर्माण करने का निर्णय लिया है, जिसकी लागत लगभग 60 लाख रूपये होगी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025, 18 मई से 24 मई 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि)
राशिः-स्लीपर 8500/- 3 एसी 16,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411